**BPSC**

# 56-59वीं ( मुख्य ) परीक्षा - 2016

## सामान्य हिन्दी

**समय : तीन घंटे** **पूर्णांक : 100**

**अनुदेश :**

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *500* शब्दों में निबंध लिखिए : **30**

( क ) अपने जीवन की सबसे सुखद घटना
( ख ) विज्ञान के चमत्कार
( ग ) देशाटन के लाभ
( घ ) बेकारी की समस्या
( ङ ) समाचार पत्रों की उपयोगिता
( च ) जैसी करनी वैसी भरनी

BPSC NOTES

2. निम्नलिखित अवतरण का **एक-तिहाई** शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए : **15**

छात्र को अध्ययन जारी रखना चाहिए। नहीं वह छात्र नहीं रहता। अधिक-से-अधिक विषयों पर अधिक-से-अधिक पुस्तकें उसे पढ़ते रहना चाहिए। इन्हें उसे विभिन्न दृष्टिकोणों से अध्ययन का विषय बनाना चाहिए। तब उसे अनुभूति होगी कि हर प्रश्न के अनेक उत्तर हैं और सत्य बहुपक्षी है। फल यह होगा कि वह अपनी दृष्टि से संकीर्ण नहीं रहेगा, उसमें सहिष्णुता, क्षमाशीलता आ जाएगी, तब उसके अपने मौलिक चिंतन का विकास होगा और अन्य उस पर हावी नहीं हो सकेगा। अध्ययन के द्वारा ही मानव के असली व्यक्तित्व का विकास होता है और वह वास्तव में मनुष्य बन पाता है।

3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : **1 × 10 = 10**

( क ) सामने शिकार देखकर शेर चिंघाड़ने लगा।
( ख ) यह मेरा बालक है।
( ग ) माता आ रहे है।
( घ ) तुमको उनको बुलाया।
( ङ ) लिखने में शुद्धताई बरतो।
( च ) वह मेरे पास आया और कहा।
( छ ) आपने सत्यपूर्ण बात कही।
( ज ) आपका दुष्ट लोगों से बचो।
( झ ) सबों ने उसे निकलते देखा।
( ञ ) देखो शत्रु दौड़ रहा है।



4. निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **पांच** का अर्थ बताते हुए उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए : **3 × 5 = 15**

( क ) अकल बड़ी की भैंस
( ख ) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू
( ग ) चोर की दाढ़ी में तिनका
( घ ) झूठ के पाँव कहाँ
( ङ ) आँख का अंधा नाम नैनसुख
( च ) खोदा पहाड़ निकली चुहिया
( छ ) जो गरजते है वे बरसते नहीं
( ज ) दीपक तले अँधेरा
( झ ) दूध का दूध पानी का पानी
( ञ ) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

5. विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए। **10**

6. निम्नलिखित में से किन्ही **पांच** के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : **1 × 5 = 5**

( क ) अंधकार ( ख ) अश्व ( ग ) कान ( घ ) गुरु ( ङ ) धन ( च ) दूध ( छ ) पर्वत ( ज ) समुद्र ( झ ) संसार ( ञ ) सूर्य

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

( क ) जिसके समान द्वितीय नहीं है
( ख ) भविष्य में होने वाला
( ग ) जो पवहरा देता है
( घ ) जो देखने योग्य हो
( ङ ) जो शास्त्र जानता हो
( च ) मित बोलने वाला
( छ ) जिसका उदर लंबा हो
( ज ) जो पुस्तकों की आलोचना या समीक्षा करता हो
( झ ) जो स्मरण रखने योग्य हो
( ञ ) याचना करने वाला

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** **समस्तपदों** का विग्रह करते हुए **समास** बताइए :

( क ) दिनानुदिन ( ख ) प्रत्येक ( ग ) गगनचुंबी ( घ ) स्वर्गप्राप्त ( ङ ) पुरुषोत्तम ( च ) परमेश्वर ( छ ) हिमालय ( ज ) कामचोर ( झ ) राजपुत्र ( ञ ) देवालय

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** उपसर्गों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइए :

( क ) अति ( ख ) उप ( ग ) परा ( घ ) सु ( ङ ) अध ( च ) शुख ( छ ) भर ( ज ) आ ( झ ) अव ( ञ ) अनु ।

## सामान्य अध्ययन (General Studies) / PAPER-I

**Time Allowed : 3 Hours** **Max. Marks : 200**

**अनुदेश :**

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खण्ड-I एवं II में प्रत्येक में से किन्हीं तीन-तीन प्रश्न तथा खण्ड-III से दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- सभी प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषा में छपे हैं। यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह हो, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रमाणिक माना जाएगा।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खण्डों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

Scanned by CamScanner

## SECTION : I

1. Critically examine the significance of the Revolt of 1857 with special reference to Bihar. 25
बिहार के विशेष संदर्भ में 1857 की क्रांति के महत्व की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

2. Discuss the main causes of the Santhal Uprising. What were its consequences? 25
सन्थाल विद्रोह के मुख्य कारणों का विवरण दीजिए। उनके क्या प्रभाव हुए ?

3. Bring out the salient features of the Patna Qulam Paintings. 25
'पटना कलम चित्रकारी' की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

4. What was the significance of Champaran Satyagraha for Peasant Uprisings? 25
किसान विद्रोहों के लिए चम्पारण सत्याग्रह के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

5. Define Nationalism. How was it addressed by Rabindranath Tagore ? 25
राष्ट्रवाद को परिभाषित कीजिए। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे किस प्रकार परिभाषित किया ?

6. Discuss the relevance of Nehru in the making of modern India ? 25
आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू की भूमिका की समीक्षा कीजिए।

## SECTION : II

BPSC NOTES

7. What do you understand by climate change ? What reasons are attributed to climate change ? What missions have been constituted under the National Action Plan on climate change formulated by the Government of India ? What steps have been taken in this regard by the Bihar Government ? Discuss. 25
जलवायु परिवर्तन से आप क्या समझते हैं ? जलवायु परिवर्तन के क्या कारण हैं ? भारत सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन पर निर्मित राष्ट्रीय कार्य योजना के अंतर्गत कौन-कौन से लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ? बिहार सरकार द्वारा इस संबंध में क्या-क्या कदम उठाए गए हैं ? वर्णन कीजिए।

8. In the absence of well-educated and organised local level government system, Panchayats and Samitis have remained mainly political institutios and are not effective instrument of governance. Critically discuss. 25
एक सुशिक्षित एवं संगठित स्थानीय स्तर की शासन प्रणाली के अभाव में पंचायतें एवं समितियाँ, मुख्यतः राजनीतिक संस्थाएँ बनी रहती हैं और शासन का प्रभावशाली उपकरण नहीं बन पाती हैं। आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए।

9. Public health system has limitations in providing universal health coverage. Do you think that private sector can help in bridging the gap ? What other viable alternatives do you suggest ? 25
सार्वभौतिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में लोक स्वास्थ्य प्रणाली की सीमाएँ हैं। क्या आपके विचार से निजी क्षेत्र इस कमी अथवा दूरी को भरने में सेतु के रूप में सहयोग कर सकते हैं? आप कौन-से अन्य उचित विकल्पों का सुझाव देंगे ?




10. Terrorism activities and mutual distrust have clouded India-Pakistan relations. To what extent the use of soft power like sports and cultural exchange could help to generate goodwill between the two countries ? Discuss with suitable examples. 25
भारत-पाकिस्तान संबंधों पर आतंकवादी गतिविधियों एवं आपसी अविश्वास के बादल मंडरा रहे हैं। दोनों राष्ट्रों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए खेल-कूद एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सौम्य शक्ति का प्रयोग किस सीमा तक किया जाना चाहिए ? उचित उदाहरण सहित समझाइए।

## SECTION : III

11. Study the following pie chart and ratio table, which show the percentage of students in different subjects in a university and ratio of male and female students in different subjects, respectively, and answer the questions given below :

*Percentage of students in different subjects in the university*




*Total number of students = 4800*

*Percentage of students in different subjects in the university*

| Subject | Male : Female |
|---|---|
| Economics | 3 : 4 |
| Computer | 5 : 3 |
| Commerce | 5 : 7 |
| Arts | 1 : 2 |
| Science | 3 : 5 |
| Engineering | 5 : 4 |
| Management | 6 : 3 |

(a) What is the ratio of male students studying Science and Arts subjects in the university ?

(b) If in the next year, the percentage of students in Computer subject in expected to be double, assuming that the total number of students in the university and male-female ratio in every subject do not change, what would be the percentage of female students in Computer out of the total students in the university ?

(c) The difference between male and female students studying Arts is how much percentage of the difference between male and female students studying Science ?

(d) What angle in a pie chart will be formed at the centre of the circle by the sector showing the female students studying Commerce in the university?

निम्न वृत्तचित्र और अनुपात सारणी, जो कि क्रमशः एक विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत तथा विभिन्न विषयों में छात्र एवं छात्राओं का अनुपात दर्शाते हैं, का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Scanned by CamScanner

विश्वविद्यालयों में विभिन्न विषयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत




कुल विद्यार्थियों की संख्या = 4800

विभिन्न विषयों में छात्र एवं छात्राओं का अनुपात

| विषय | छात्र : छात्राएँ |
|---|---|
| अर्थशास्त्र | 3 : 4 |
| कम्प्यूटर | 5 : 3 |
| वाणिज्य | 5 : 7 |
| कला | 1 : 2 |
| विज्ञान | 3 : 5 |
| अभियन्त्रण | 5 : 4 |
| प्रबंधन | 6 : 3 |

(क) विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं कला विषय पढ़ने वाले का अनुपात क्या है ?

(ख) यदि अगले वर्ष कम्प्यूटर विषय में विद्यार्थियों का प्रतिशत दो गुना होने की संभावना हो तथा यह मान लें कि विश्वविद्यालय में कुल विद्यार्थियों की संख्या तथा प्रत्येक विषय में छात्र एवं छात्राओं का अनुपात अपरिवर्तनीय रहे, तो कम्प्यूटर विषय में छात्राओं का प्रतिशत विश्वविद्यालय के कुल विद्यार्थियों की तुलना में कितना होगा ?


(ग) कला पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं का अंतर, विज्ञान पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं के अंतर का कितना प्रतिशत है ?

(घ) वृत्त चित्र में विश्वविद्यालय में वाणिज्य पढ़ने वाली छात्राओं को प्रदर्शित करने वाला वृत्तखण्ड वृत्त के केन्द्र में कितने अंश का कोण बनाएगा ?

BPSC NOTES

12. Study the data given in the following multiple bar char which shows the production, export and import (in million kg) of various commodities by Country X and answer the questions given below :

***Production, Export and Import (in million kg) of various commodities***




(a) In the case of which commodities are the ratios of production to export highest and lowest ? Given the two values also. 5



(b) In the case of which commodity is the highest percent of its production exported ? Give the percentage value also. 4


(c) What is the difference of percentage of tea and jute import of their respective production ? 4

(d) If for the Country Y the ratio of production, export and import for cotton is 5 : 4 : 3 and production of cotton in Y is same as in X, what quantity of cotton will be exported and imported from the Country Y? 6

(e) By which quantity the export of sugar should be increased so that the difference between its production and export is 2.5 times its import ? 6

निम्न बहु-शलाका लेखाचित्र के आंकड़े का अध्ययन कीजिए, जिसमें किसी देश X में विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन, निर्यात एवं आयात (10 लाख कि.ग्रा. में) दिखाए गए हैं तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन, निर्यात एवं आयात (10 लाख कि.ग्रा. में)*




(क) किन वस्तुओं के लिए उत्पादन तथा निर्यात का अनुपात अधिकतम एवं न्यूनतम है? दो मानों को भी दीजिए।

(ख) किस वस्तु के लिए उसके उत्पादन का अधिकतम प्रतिशत निर्यात होता है ? प्रतिशत मान भी दीजिए।

(ग) चाय एवं जूट के उत्पादन से आयात के प्रतिशतों का अंतर क्या है ?


(घ) यदि किसी देश Y के लिए रूई के उत्पादन, निर्यात एवं आयात का अनुपात 5 : 4 : 3 हो और Y में रूई का उत्पादन X के उत्पादन के बराबर हो, तो देश Y से रूई की कितनी मात्रा निर्यात एवं आयात होगी ?


Scanned by CamScanner

(ङ) चीनी का निर्यात कितना बढ़ाया जाए कि उसके उत्पादन एवं निर्यात का अंतर इसके आयात का 2.5 गुना हो जाए ?

13. Study the following graphs and answer the questions given below :

*Trends in Production and Productivity of Rice*




(a) What was the percentage increase in rice production from the year 2005-06 to 2006-07 ? 3

(b) In how many hectares was rice cultivated in the year 2008-09 ? 4

(c) What was the percentage increase in rice cultivation area from the year 2006-07 to 2007-08 ? 4

(d) In which year has the rice production shown the highest increase over that in the previous year ? 3

(e) The rice cultivation area in the year 2009-10 is what percent of that in 2005-06 ? 3


(f) What is the average rice production in the six years during 2004-05 to 2009-10 ? 3


(g) Assuming the price of rice to be Rs. 900 per quintal, what would a farmer have earned if he had grown rice in 10 hectares in the year 2008-09 ?



निम्न आलेखों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

चावल के उत्पादन एवं उत्पादकता की उपनति




BPSC NOTES

(क) चावल के उत्पादन में वर्ष 2005-06 से 2006-07 में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

(ख) वर्ष 2008-09 में कितने हेक्टेयर जमीन के चावल उगाया गया ?

(ग) वर्ष 2006-07 की तुलना में वर्ष 2007-08 में चावल उगाने के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(घ) पिछले वर्ष की तुलना में किस वर्ष में चावल के उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि हुई?

(ङ) वर्ष 2009-10 में चावल उगाने का क्षेत्रफल, वर्ष 2005-06 के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है ?


(च) वर्ष 2004-05 से 2009-10 तक छः वर्षों का औसत चावल उत्पादन कितना है ?

(छ) यह मानते हुए कि चावल का मूल्य रु. 900 प्रति क्विन्टल है, तो एक किसान की कितनी कमाई होगी यदि वह 2008-09 में 10 हेक्टेयर जमीन में चावल उगाए?

14. Study the following line graph which gives the income of three Companies A, B and C during the period from 2006 to 2013 and answer the questions that follow :

***Income of three Companies (in lakhs rupees)***

Scanned by CamScanner




(a) What is the percentage increase in the income of Company A in 2013 as compared to 2008 ? 4

(b) What is the ratio of incomes of Companies A, B and C in 2010 ? 4

(c) Which Company has steepest rise in its income compared to the previous year and what was the percentage rise ? 5


(d) The total expenditure of Company B in 2009 was Rs. 220 lakhs, which was increased by 40% in the year 2010. Find the percentage profit or loss earned by the Company B in the year 2010. 6

(e) If the profits earned by the Companies A, B and C in the year 2010 were 5%, 10% and 15%, respectively, find the ratio of their total expenditures in that year. 6

BPSC NOTES

निम्न रेखा-आलेख का अध्ययन कीजिए, जिसमें तीन कम्पनियों A, B एवं C द्वारा अवधि 2006 से 2013 तक के लिए अर्जित आय दी गई है तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

*तीन कम्पनियों की आय ( लाख रुपयों में )*






(a) वर्ष 2008 की तुलना में 2013 में कम्पनी A की आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(b) वर्ष 2010 में कम्पनी A, B एवं C की आय का अनुपात क्या है ?

(c) पिछले वर्ष की तुलना में अगले वर्ष में किस कम्पनी की आय में तीव्रतम वृद्धि हुई और यह कितने प्रतिशत थी ?

(d) कम्पनी B का वर्ष 2009 में कुल व्यय 220 लाख रु. था जो कि वर्ष 2010 में 40% बढ़ गया। कम्पनी B द्वारा वर्ष 2010 में अर्जित लाभ अथवा हानि की गणना कीजिए।

(e) यदि वर्ष 2011 में कम्पनी A, B एवं C द्वारा अर्जित लाभ क्रमशः 5%, 10% तथा 15% हो, तो उस वर्ष में उनके कुल व्यय का अनुपात निकालिए।

## सामान्य अध्ययन (General Studies) / PAPER-II

**Time Allowed : 3 Hours** **Max. Marks : 200**

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खण्ड–I एवं खण्ड II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्नों और खण्ड–III में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- सभी प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषा में छपे हैं। यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह है तो, अंग्रेजी भाषा को ही प्रमाणिक माना जाएगा।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

## SECTION : I

1. Discuss about the Fundamental Rights as enshrined in the Indian Constitution. How has the judicial interpretations of Article 21 expanded the scope of Right to Life ? **12½ + 12½ = 25**

भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों का वर्णन कीजिए। किस प्रकार अनुच्छेद 21 की न्यायिक व्याख्याओं ने जीवन के अधिकार के विषय-क्षेत्र का विस्तार किया है ?

2. Examine the role of Caste in electoral politics of India. To what extent did caste factor play a role in 2015 Bihar electon. **12½ + 12½ = 25**

भारतीय चुनावी राजनीति में जाति की भूमिका का आकलन कीजिए। बिहार के 2015 के चुनाव को जाति की भूमिका ने किस सीमा तक प्रभावित किया ?

3. Analyse tension areas between Centre and States in the Indian federal system. Describe the current state of relations between Union Government and Bihar State. **12½ + 12½ = 25**

Scanned by CamScanner

भारतीय संघात्मक व्यवस्था में केन्द्र तथा राज्यों के मध्य तनाव के क्षेत्रों का विश्लेषण कीजिए। वर्तमान समय में संघीय सरकार तथा बिहार राज्य के मध्य संबंधों का वर्णन कीजिए।

4. What is judicial review ? Critically examine about the doctrine of 'basic structure' as enunciated by the Supreme Court of India. 12½ + 12½ = 25

न्यायिक पुनरीक्षण से आपका क्या अभिप्राय है ? भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित 'मूल ढांचे' के सिद्धांत का आलोचनात्मक वर्णन कीजिए।

## SECTION : II

5. What is 'demographic dividend' ? Explain its impact on economic growth. 25

'जनांकिकी लाभ' क्या है ? आर्थिक संवृद्धि पर इसके प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

6. Describe 'agricultural marketing' in India and write the defects in the 'agricultural marketing system'. What measures have been taken by the Government of Bihar to improve the system of the marketing of agricultural products ? 25

भारत में 'कृषि विपणन' का वर्णन कीजिए एवं 'कृषि विपणन व्यवस्था' की कमजोरियों को बताइए। कृषि उपज विपणन व्यवस्था में सुधार की दृष्टि से बिहार सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं ?

7. What is the relationship between 'environmental protection' and 'sustainable development' ? Write a short note on economic growth and environmental degradation in India. 25

'पर्यावरण संरक्षण' तथा 'धारणीय विकास' में क्या संबंध है ? भारत में आर्थिक संवृद्धि तथा पर्यावरण अध:पतन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

8. What do you mean by regional development ?
How far regional planning has been successful in the economic development of Bihar ? Discuss. 25

क्षेत्रीय विकास से क्या तात्पर्य है ? बिहार के आर्थिक विकास में क्षेत्रीय नियोजन कहां तक सफल रहा है ? विवेचना कीजिए।

## SECTION : III

9. In comparison to other countries, India is well-endowed with freshwater resources. Critically examine why it still suffers from water scarcity. What role can the scientific management and technology play in overcoming this problem? Elucidate. 25

अन्य देशों की तुलना में, भारत अलवण जल संसाधनों से सुसंपन्न है। समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए कि क्या कारण है कि भारत इसके बावजूद जलाभाव से सग्रसित है। वैज्ञानिक प्रबंधन तथा तकनीकी का इस समस्या के निदान में क्या योगदान हो सकता है ? व्याख्या कीजिए।



10. In order to fulfill the increasing energy demand in Bihar State, suggest the scientific initiatives that you would like to introduce. 25

बिहार राज्य में बढ़ती ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन वैज्ञानिक प्रयासों का सुझाव दीजिए, जिन्हें आप लागू करना चाहेंगे।

11. Critically discuss the positive and negative effects of globalization in India. How can science and technology reduce negative effects ? Explain. 15 + 10 = 25

भारत में भूमंडलीकरण (ग्लोबलाइजेशन) के सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रभावों की गंभीरतापूर्वक विवेचना कीजिए। विज्ञान तथा तकनीकी नकारात्मक प्रभावों को कैसे कम कर सकते हैं ? व्याख्या कीजिए।

12. The key issues of Modi Government in India are "cleaning of Ganga river, degraded natural resources and dwindling farmlands, and greater health risks." Discuss scientific initiatives for these problems that you would like to apply. 25

भारत में मोदी सरकार के सम्मुख उपस्थित चुनौतियों में से प्रमुख है, "गंगा नदी की सफाई, घटते हुए प्राकृतिक संसाधन तथा घटती जा रही कृषिभूमि और स्वास्थ्य के बढ़ते हुए खतरे।" इन समस्याओं से निपटने के लिए वैज्ञानिक प्रयासों की विवेचना कीजिए, जिन्हें आप लागू करना चाहेंगे।

BPSC NOTES

Scanned by CamScanner